# आज समाज

www.aajsamaaj.com





नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 10 मार्च 2023 | **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र** | विक्रमी संवत 2079, अमांत-फाल्गुन, कृष्ण पक्ष तृतीया, मूल्य, 2.00 रुपए



## गैस गीजर से निकली गैस से पति-पत्नी की मौत, बाथरूम में नहाने के लिए गया था दंपत्ति

आज समाज नेटवर्क

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र की अग्रसेन विहार कॉलोनी में रहने वाले पति-पत्नी होली खेलने के बाद मकान की ऊपर वाली मंजिल पर बने बाथरूम में नहाने के लिए गए, लेकिन वहां पहले से ही गैस गीजर से गैस का रिसाव होने के कारण दोनों ही बेहोश हो गए। काफी देर तक दोनों नहाकर नहीं लौटे तो बच्चों ने जाकर देखा, जहां दोनों को बेहोश पड़े देख बच्चों ने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय दीपक अपनी 36 वर्षीय पत्नी शिल्पी और दो बच्चों के साथ मुरादनगर की अग्रसेन विहार कॉलोनी रह रहे थे। बुधवार को दोनों ही होली खेलने के बाद अपने घर के ऊपर वाले हिस्से में बाथरूम में नहाने गए। लेकिन बाथरूम में लगे गैस गीजर से पहले से ही गैस का रिसाव हो रहा था।

जैसे ही वह दोनों बाथरूम में गए तो दोनों बेहोश हो गए। काफी देर तक जब वह घर के ऊपर की मंजिल से नीचे नहीं आए तो बच्चों ने जाकर देखा जहां पति पत्नी अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। बच्चों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और आनन-फानन में दोनों को ही अस्पताल ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को ही मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए थाना मुरादनगर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि इस तरह की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई थी।

सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरूआती जांच में पता चला है। कि गैस गीजर से गैस लीक होने के कारण दोनों ही बेहोश हुई जिसके कारण उनकी मौत हुई है।



### खेड़ीपुल-अमृता अस्पताल के नजदीक से यमुना नदी तक बनेगी सड़क

## फरीदाबाद से नोएडा मात्र 10 मिनट में

संदीप पराशर

**फरीदाबाद।** अगर सब कुछ बेहतर रहा तो फरीदाबाद से नोएडा की दूरी मात्र 10 मिनट में सिमिट जाएगी। जिससे फरीदाबाद-नोएडा नौकरीपेशा करने वाले हजारों लोगों को लाभ के साथ उसका सफर सहज हो जाएगा। क्योंकि अब स्मार्ट सिटी में एफएनजी परियोजना को सिरे चढ़ाने में प्रशासन जुट गया है। इसे लेकर लोक निर्माण विभाग ने जमीन के साथ रूट का सर्वे एक बार फिर शुरू कर दिया है। जल्द डीपीआर तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। मंजूरी के बाद टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। परियोजना के पूरा होने के बाद फरीदाबाद से नोएडा की दूरी मात्र 10 मिनट में सिमिट जाएगी। इससे अनुमानित आकड़ों के अनुसा करीब 50 हजार नौकरीपेशा लोगों का सफर आसान होगा। फरीदाबाद- नोएडा से हजारों लोग दैनिक रूप से आवागमन कर नौकरी व अन्य कामों के लिए करते है। दो राज्यों के बीच अभी कोई सीधी सडक न होने के कारण लोगों को कालिंदीकुंज से जाना पड़ता है। यहां सुबह-शाम भारी जाम लगता है। लोगों के 10 मिनट का सफर आधे-एक घंटे में पूरा होता है। दिल्ली की तरफ से नोएडा जाने पर लोगों को भारी ट्रैफिक से जूझना पड़ता है।

साथ नोएडा और गाजियाबाद से फरीदाबाद आने-जाने में समय भी काफी लगता था। इससे लोग बेहद परेशान है। इस परियोजना के बाद दूरी मिनटों की रह जाएगी। दोनों ओर के कामकाजी लोगों को आवागमन में आसानी होगी। कारोबारियों ने बताया कि उनके कई उद्योग नोएडा गाजियाबाद में लगे है। उन्हें अभी दिल्ली या केजीपी से होकर जाना पड़ता है। सीधी रोड बनने से समय के साथ ईंधन की भी बचत होगी। गांव लालपुर के पास यमुना नदी पर पुल बनाने का काम जल्द शुरू हो सकता है।



एफएनजी यहां बनेगा नोएडा को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर पुल। **आज समाज**

### नौ किमी लंबी सड़क के लिए हो चुका सर्वे

बताते चले कि इसके लिए फरीदाबाद में नौ किलोमीटर लंबा रोड बनाने के लिए दो दिन पहले को लोक निर्माण विभाग और फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) ने संभावित रूट का निरीक्षण है। रूट में आने वाली खामियों को देखा। लोक निर्माण विभाग अधिकारियों के अनुसार एफएनजी एक्सप्रेसवे की शुरूआत ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 88 में अमृता अस्पताल के पास से होगी। इसके बाद ये खेड़ी गांव होते हुए लालपुर में यमुना किनारे पहुंचेगा। जहां इसे पुल के जरिए नोएडा में मंगरोली गांव के साथ जोड़ दिया जाएगा। इस पुल की लंबाई करीब 600 मीटर है।

**यमुना नदी पर 600 मीटर लंबा बनेगा पुल:** इस सफर को सहज और आसान करने के लिए फरीदाबाद और नोएडा के बीच यमुना नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। 600 मीटर लंबे इस पुल निर्माण का हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार 50-50 फीसदी पैसा देगी। ये छह लेन का पुल होगा। इस पर करीब 150 से 200 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। साथ ही पुल को जोड? के लिए अप्रोच रोड दोनों ओर के प्राधिकरण अपने-अपने खर्चे पर बनाएंगे। नोएडा की तरफ करीब 4.7 किलोमीटर लंबी अप्रोच रोड बनेगी और फरीदाबाद की तरफ अभी अलाइनमेंट फाइनल नहीं हुआ है।

**अमृता अस्पताल के पास बनेगी सड़क:** एनसीआर के तीन बड़े शहरों को जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी परियोजना एफएनजी मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने आदेश जारी कर दिए है। लोक निर्माण विभाग अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2015 में गाजियाबाद के मेरठ रोड से नोएडा तक करीब आठ किलोमीटर और दूसरी ओर फरीदाबाद के रास्ते सोहना रोड तक करीब 28 किलोमीटर तक विस्तार कर नेशनल हाइवे के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई। इस परियोजना को मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया गया है। इसके लिए ग्रेटर फरीदाबाद में खेड़ीपुल-अमृता अस्पताल के पास से सड़क यमुना नदी तक बनेगी।

### उद्यमियों से बातचीत



कंपनी के काम को लेकर कई बार नोएडा जाना होता है। कालिंदीकुंज पर जाम से बचने के लिए दिल्ली की तरफ से जाने पर करीब ढाई घंटे लग जाते है। एफएनजी बनने से आवाजाही आसान होगी। हम अपनी कंपनी नोएडा में भी खोल सकेंगे।

**- प्रवीण पराशर, महासचिव फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज असोसिएशन**



शहर में बेहतर परिवहन सुविधा न होने के कारण ही विकास में पिछड़ रहा है। एफएनजी बनने से विकास में तेजी आएगी। शहर में निवेश बढ़ेगा। नई कंपनियां आगे आएंगी। काम के साथ लोगों के रोजगार के रास्ता खुलेंगे।

**-वीरभान प्रबंध निदेशक वीनस इंडिया मैटल प्रा. लि. फरीदाबाद**

*"एफएनजी परियोजना को लेकर सर्वे शुरू कर दिया गया है। जिसमें देखा जाएगा कि कहां-कहां फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जाएंगे। इसकी जांच की। यमुना नदी पर बनने वाले पुल के पास भी जमीन चिन्हित की जाएगी। जल्द इसकी डीपीआर बनाने का काम शुरू किया जाएगा।*

**प्रदीप संधू,** कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

## डोमेस्टिक एयरपोर्ट का नाम पालम गांव के नाम पर किए जाने को लेकर केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



खाप पंचायत पालम-360 का प्रतिनिधिमंडल। **आज समाज**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के डोमेस्टिक एयरपोर्ट का नाम फिर से पालम एयरपोर्ट किए जाने की मांग को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में उन्होंने साफ कहा है कि पालम गांव एक ऐतिहासिक गांव है, जिसका देश और दिल्ली प्रदेश के निर्माण में अद्वितीय योगदान है। इसलिए इसके मान सम्मान और नाम निशान के साथ किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ पूरे गांव देहात और ग्रामीण समाज को बर्दाश्त नहीं है। यही जनभावना हमने केंद्र सरकार तक पहुंचाई है। इस बारे में चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि जब से दिल्ली एयरपोर्ट बना है, डोमेस्टिक एयरपोर्ट का नाम पालम गांव के नाम से ही था क्योंकि ये पालम गांव की जमीन पर ही बसा है।

पालम गांव एक ऐतिहासिक गांव है जिसने लाल किले की नींव रखी है और ना सिर्फ दिल्ली देहात का बल्कि उत्तर भारत के प्रतिनिधित्व को पालम 360 खाप के नाम से ही सब जानते हैं और इस गांव की बड़ी पुरानी ऐतिहासिक परंपराएं रही हैं। इसलिए इस बारे में हमारी मांग है कि टर्मिनल-3 इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जो कि हमारी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के नाम से है और हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन डोमेस्टिक एयरपोर्ट को पालम एयरपोर्ट के नाम से जाना जाता है इसलिए इसको दोबारा से पालम एयरपोर्ट का नाम ही दिया जाए। हमारे सभी ग्राम वासियों और प्रतिनिधियों की ओर से सरकार से पुरजोर मांग है कि इसे दुबारा से पालम गांव के नाम से ही नामकरण किया जाय।

ये न सिर्फ पालम गांव की बल्कि दिल्ली देहात के सभी गांवों की मांग है। गांव से ही देश की तरक्की का रास्ता निकलता है, गांव से ही देश के विकास का रास्ता निकलता है। इसलिए पालम गांव का नाम निशान, देश के गौरवशाली इतिहास में दर्ज है और इसे ससम्मान बरकरार रखा जाए। इस दौरान ओमप्रकाश, धर्मवीर ठोलेदार,पवन मास्टर, ब्रह्म प्रकाश सोलंकी, हरिसिंह सोलंकी, सुरेन्द्र और दीपक वशिष्ठ, परवीन, जगदीश सोलंकी सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहे।

## भूमि पूजन के साथ राष्ट्रीय सेवा संगम का विधिवत कार्य शुरू

**नई दिल्ली।** जयपुर स्थित केशव विद्यापीठ, जामडोली में राष्ट्रीय सेवा भारती के पंचवर्षीय राष्ट्रीय सम्मेलन राष्ट्रीय सेवा संगम के निमित्त भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगम में सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण हों इसके लिए विधिवत भूमि पूजन कर गणेश स्थापना कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के लिए मुख्यातिथि विख्यात उद्योगपति और राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष पन्नालाल भंसाली उपस्थित रहे और अपने शब्दों से कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्यों का अभिवादन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सेवा संगम का प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्र के सामाजिक सांस्कृतिक ताने बाने में एक निर्णयकारी बदलाव लाने में भूमिका निभाने वाले सामाजिक संगठनों को दिशा प्रदान करना है। पन्नालाल भंसाली ने अप्रैल में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वाधान में तीसरा राष्ट्रीय सेवा संगम 7, 8, 9 अप्रैल 2023 को जयपुर स्थित केशव विद्यापीठ, जामडोली में आयोजित किया जाएगा। 7 अप्रैल 2023 को उद्घाटन समारोह होगा जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत उपस्थित रहेंगे।



भूमि पूजन करते हुए लोग।

जयपुर में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में देश भर से 1000 से अधिक संस्थाओं से लगभग 5000 प्रतिनिधियों के साथ अनेकों सेवा प्रेमी, प्रसिद्ध उधोगपित, पूजनीय संत, खेल और कला जगत से गणमान्य इस संगम में उपस्थित होंगे।

## राजवर्धन परमार की अपील का होली में दिखा असर

**नई दिल्ली।** नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के दिल्ली प्रदेश संयोजक राज वर्धन सिंह परमार के नेतृत्व में लगातार पिछले 1 वर्षों से मलिन बस्तियों, अवैध कालोनियों और नशे का कारोबार होने वाले स्थानों पर लगातार अभियान चलाया जा रहा था जिसका असर कुछ ही महीनों में देखने को मिला था, लेकिन यह असर होली के मौके पर सबसे अधिक देखने को मिला। नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के अपील का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और लोगों ने होली के मौके पर नशा न करने की अपील को माना। इस बार होली में शराब की हुई कम बिक्री को लेकर नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के दिल्ली प्रदेश संयोजक राज वर्धन सिंह परमार ने मीडिया को बताया कि इस अभियान के तमाम पदाधिकारी और वाले कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। नशे के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

## आजादी किसी जाति, समाज व राष्ट्र विशेष की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं

**नई दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेला 2023 में प्रस्तुत की नृत्य-नाटिका स्वाधीनता इस नाटिका के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि आजादी किसी जाति, समाज व राष्ट्र विशेष की स्वतन्त्रता तक सीमित नहीं अपितु इसका विषय है, वैश्विक स्तर पर, सर्वांगीण व्यक्तिगत नैतिक उत्थान।

चूंकि व्यक्तिगत नैतिक उत्थान के साथ ही अखिल परिवार, समाज, राष्ट्र व विश्व का हित जुड़ा हुआ है इसलिए यह आजादी परिचायक है देहिक बंधनों व भाव-स्वभावों से मुक्ति पाने की, स्वार्थपर, संकीर्ण पौराणिक वृत्तियों की दासता से स्वतन्त्र हो जाने की, सांसारिक झंझटों व मानसिक प्रंपचों से निजात पाने की व एन्द्रिक विषयों और दोषों से बंधनमुक्त हो जाने की। हाँ, यह आजादी नाम है काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे विकारों से निजात पाने की, जन्म जन्मांतरों की वासनाओं व मन में उठने वाले संकल्पों-विकल्पों से स्वतंत्र हो जाने की, समस्त भिन्न भेदों, द्वंद्वों, दुःखों-रोगों, तापों-संतापों, फुरनों, आदि के मिट जाने की जन्म-मरण के बंधन से छूट, जीवन मुक्त हो जाने की। हां, यह आजादी प्रतीक है त्रेता, द्वापर व कलियुग के अज्ञान अंधकार के सिमट जाने की व सत्-वस्तु के हर ह्मदय में प्रकाशमान हो जाने की। हां, यह आजादी सूचक है अनेक धर्मो व पंथों में भटकी हुई मानव जाति के पुनः निज धर्म पर खड़े हो मानवता का प्रतीक बन जाने की। हां, यह आजादी द्योतक है खंड खंड में विभाजित हुई भारत माता के पुनः एक हो जाने की। तत्पश्चात इस नाटिक द्वारा दर्शाया गया कि क्यों कर हम स्वाधीनता के 75 साल पश्चात भी सांसारिक कामनाओं व मानसिक विषय-विकारों की दासता से मुक्त हो, अपनी यथार्थ हस्ती यानि ज्ञान, गुण व शक्ति की सामर्थ्य जान, आत्मिक स्वतन्त्रता का अनुभव नहीं कर पाए।




नाटक प्रस्तुत करते हुए। आज समाज

**बैठक** भारत के राजदूत मोनरोविया से आए प्रदीप कुमार व डिप्टी चीफ ऑफ मिशन एम्बेसी ऑफ इंडिया सियोल से सुरेंद्र भगत की अध्यक्षता में हुई बैठक

## नूंह में डेल्टा रैंकिंग में सुधार के लिए दी जाएगी 10 करोड़ रुपए की राशि

आज समाज नेटवर्क

**नूंह।** नीति आयोग द्वारा देशभर के 112 आकांक्षी जिलों की सूची बनाई गई थी, जिसमें लगभग 49 पैरामीटर तय किए गए थे। इनमें ड्रॉपआउट, संस्थागत डिलीवरी, सिंचाई, कृषि, सेहत सहित अन्य विभागों के बहुत से काम थे। इन सभी में सुधार करने की जरूरत थी। मेवात जिला लगातार अपनी रैंकिंग में सुधार कर रहा है।

इसी कड़ी में आज भारत के राजदूत मोनरोविया से आए प्रदीप कुमार यादव व डिप्टी चीफ ऑफ मिशन एम्बेसी ऑफ इंडिया सियोल से सुरेन्द्र भगत की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला में हुए सुधार को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिले के संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी जिले को पिछड़े जिलों की सूची से बाहर निकालने में भरपूर मेहनत कर रहे हैं। आज जिला के नागरिकों की जागरूकता व प्रशासनिक अधिकारियों की मेहनत का ही नतीजा है कि नूंह जिला पूरे देश में आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर आया है। डिप्टी चीफ ऑफ मिशन एम्बेसी ऑफ इंडिया सियोल से सुरेन्द्र भगत ने स्कूल में ड्राप आउट बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की ओर ड्राप आउट बच्चों को कैसे वापिस स्कूल में लाया जा जा सके इस पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बातचीत की गई। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, माईक्रो इरिगेशन से आए हुए सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से खसरा रुबेला टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की और महिला बाल विकास विभाग की सभी सीडीपीओ व सुपरवाईजरों को टीकाकरण में पूर्ण सहयोग के निर्देश दिए है। दक्षिण हरियाणा बिजली निगम नूंह के कार्यकारी अभियंता शिवराज सिंह ने बताया कि नूंह जिले के 19 फीडर के 150 गांव में जल्द ही 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाने की योजना हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा इस योजना के तहत अब तक 13.01 करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। बाकि 24 फीडर के 178 गांव में 18.93 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर है।




जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि दिसंबर की जो डेल्टा रैंकिंग आई है, उसमें पहली बार नूंह जिला पहले नंबर पर आया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी तरक्की की है। बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी तरक्की की है, इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में जो शिक्षा सहायक लगाए गए हैं, उसमें इंप्रूवमेंट दर्ज की गई है। इसी के आधार पर पहले नंबर पर आए हैं। पहले नंबर पर आने पर भारत सरकार द्वारा 10 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी, जिससे जिले में कई विकास कार्यो को अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब हम कुछ नए प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं, जो विकास को आगे ले जा सकते हैं। देशभर के पिछड़े जिलों की सूची में हरियाणा का नूंह जिला लगातार तरक्की कर रहा है और इसी के बल पर वह ओवरऑल परफॉर्मेस में नंबर वन पर पहुंच चुका है।

उन्होंने पूरे जिले की परफॉर्मेंस का जायजा लिया। नूंह जिले के टांई गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। मिशन रूबेला टीकाकरण का निरीक्षण किया। शिक्षा सहायक तथा स्कूली छात्रों से भी दोनों अधिकारियों ने बातचीत की। उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना है। उपायुक्त ने कहा कि नई परियोजना में हेल्थ न्यूट्रिशन आंगनवाड़ी सेंटर निर्माण के अलावा क्षेत्र में स्किल डवलपमेंट नए कोर्स शुरू किए जाए। इस पर जिला प्रशासन का फोकस रहेगा ताकि यह जिला पूरी तरह से पिछड़े जिलों की सूची से बाहर आ सके। इस अवसर पर सीईओ प्रदीप अहलावत, नगराधीश सिद्वार्थ दहिया, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, सिविल सर्जन डॉ. सर्बजीत सिंह, टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ. नवीन यादव, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. दीन मोहम्मद, एलएफएन की जिला संयोजक कुसुम मलिक, डॉ. विशाल सिंगला, डब्ल्यूएचओ से डॉ. संजीव तंवर सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### खबर एक्सप्रेस

## विरासत शक्ति का उत्सव आयोजित




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार हथकरघा हाट, जनपथ, नई दिल्ली में एक सप्ताह तक चलने वाला उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं को रोजगार प्रदान करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक होने के अलावा हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं। मुदिता मिश्रा, एडीएल डीसी (हस्तशिल्प), कपड़ा मंत्रालय, रीता हेमराजानी, एमडी एनएचडीसी, शुभ्रा अध्यक्ष एवं डीसी (हथकरघा) अतिरिक्त प्रभार, कपड़ा मंत्रालय, रचना शाह, सचिव (कपड़ा), कपड़ा मंत्रालय, प्राजकाता लवंगारे वर्मा, संयुक्त सचिव, कपड़ा मंत्रालय के द्वारआ प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। भारत की आजादी के इस 75वें वर्ष में महिला हथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों, उद्यमियों, डिजाइनरों द्वारा 75 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें से कई मास्टर शिल्पकार और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और महिलाओं द्वारा स्थापित/नेतृत्व वाले संगठन हैं।आगंतुक सीधे बुनकरों और शिल्पकारों से वास्तविक हथकरघा और हस्तशिल्प वस्तुएं खरीद सकेंगे।

## डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**नोएडा।** समता को व्यावहारिक रूप से स्वीकार करना अच्छा ही नहीं बल्कि अत्यंत जरूरी भी है। लैंगिक समता पर ध्यान देना हर समाज के डीएनए का हिस्सा होना चाहिए और समता एवं समानता के बीच के अंतर को पहचानना भी महत्वपूर्ण है। इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 समता अंगीकार करना (एम्ब्रेस इक्विटी) की थीम पर मनाया जा रहा है। जिसका अनुसरण और समर्थन करते हुए डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने पूरे सप्ताह इसी थीम पर कई कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया। एक्टिव नोएडा की थीम के तहत डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव 5 मार्च, 2023 से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य की देखभाल और फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए 'एक्टिव नोएडा महिला दिवस दौड़' का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को समान अवसर, प्रतिनिधित्व और जीवन की गुणवत्ता के अधिकार का समर्थन करना था।

## आज से गौड़ सरोवर पोर्टिको में बिखरेगी लजीज व्यंजनों की खुशबू

**ग्रेटर नोएडा।** लजीज खाने के शौकीनों के लिए गौड सरोवर पोर्टिको ग्रेटर नोएडा में जायका-ए-लखनऊ, लखनऊ फूड फेस्टिवल 10 से 23 मार्च तक भव्य आयोजन होगा। फूड फेस्टिवल लखनवी खाने की विशेष वेराइटी की खुशबू से महकेगा। दस दिनों के इस फेस्टवल में स्वाद निखारने के लिए जाने-माने शेफ संजीव यादव, परवेज कुरैशी और शेफ जावेद अपने लंबे अनुभव का प्रदर्शन करेंगे। होटल के महाप्रबंधक राज पांडा तथा खाद्य और पेय प्रबंधक सुनील नायर अपनी टीम के साथ इस दावत का आनंद लेने के लिए और आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

## डीजे पर डांस करते युवक को हुआ हार्ट अटैक, मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की लक्ष्मीनगर फफराना बस्ती में होली के मौके पर डीजे पर डांस करते 30 वर्षीय युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मरने वाले युवक का नाम विनीत बताया गया है वह पेशे से फोटोग्राफर था। होली के मौके पर मोहल्ले में ही कुछ युवकों ने मिलकर एक डीजे लगाया हुआ थ और वह डीजे पर डांस कर रहा था। डांस करते हुए अचानक ही युवक जमीन पर गिर गया, आनन-फानन में विनीत को अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद से युवक के घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# खबर एक्सप्रेस

## जागरण देखने गई युवती संदिग्ध हालात में गायब

**जींद।** गांव में रात को जागरण देखने गई युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव काबरछा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में जागरण का आयोजन किया गया था। उसकी 18 वर्षीय बेटी भी जागरण देखने गई थी। जिसके बाद उसकी बेटी घर वापस नहीं लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने तथा तलाशने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बेटी को बंधक बनाया हुआ है।

## मकान का टूटा ताला, लाखों की चोरी

**जींद।** राज नगर में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी समेत लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजनगर निवासी चिंतामणी जोशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत पूजा अर्चना करने गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 70 हजार रुपये की नगदी, मंगलसूत्र, कानों की बाली, ब्रेसलेट, दो नेकलेस, नोज पिन, चांदी के सिक्के समेत अन्य जेवरातों को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का उस समय पता चला जब वह घर वापस लौटा। शहर थाना पुलिस ने चिंतामणी की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुस बालिका से अश्लील हरकत

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाका गांव में दस वर्षीय बालिका के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम को उसकी 10 वर्षीय बेटी घर में थी। उसी दौरान गांव का ही रोबिन घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने तथा शोर मचाए जाने पर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने बालिका के पिता की शिकायत पर रोबिन के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गली से जा रही बलिका से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**जींद।** गांव भाणा ब्राह्मणान निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी गली से गुजर रही थी। उसी दौरान गांव के ही अभिषेक ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत की। सदर थाना पुलिस ने बालिका की मां की शिकायत पर अभिषेक के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फोन कर जान से मारने की दी धमकी

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना के वार्ड नंबर सात निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात मार्च की मध्यरात्रि के बाद उसके फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने पूछा कि आप मनु बोल रहे हो। कॉल करने वाले व्यक्ति के मंसूबों को भांप उसने मन्नू होने से मना कर दिया। जिस पर कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि सही बता दो, वरना खामखां किसी और को गोली लग जाएगी। जिसके बाद कॉल करने वाले व्यक्ति ने फोन काट दिया। शहर थाना पुलिस ने मनीष की शिकायत पर उपलब्ध कराए गए कॉल करने वाले नंबर का प्रयोग कर रहे व्यक्ति के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना नरवाना के जांच अधिकारी भीम सिंह ने बताया कि युवक ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## ढांडा खाप का वार्षिक सम्मेलन 12 को मिर्चपुर में

**जींद।** ढांडा खाप समस्त ढांडा, माहिल, मोहिल, मल्हान, महला, महलावत गौत्र द्वारा वार्षिक सम्मेलन 12 मार्च को गांव मिर्चपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर विचार किया जाएगा। जैसे कि मृत्युभोज, दहेजप्रथा, ब्याह-शादियों में डीजे व नशा आदि। खाप का चबूतरा बनाने बारे एवं खेलों व शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए युवा शक्ति को सम्मनित किया जाएगा व भविष्य के लिए जागरूक किया जाएगा। सभी गांवों में 36 बिरादरी के भाईचारे की भावना को प्रबल किया जाएगा। सम्मेलन में विशेषातिथि पर सेवानिवृत न्यायाधीश प्रीतम पाल सिंह पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट आशीर्वाद देने के लिए सम्मलित होंगे। खाप के सभी राजनीतिक वर्तमान व भूतपूर्व एमपी, एमएलए, मंत्री व आईएएस, आईपीएस, एचसीएस, डिफेंस एवं अन्य उच्चाधिकारी व गणमान्य शामिल होंगे और सारे भाईचारे के समाज को एक नई दिशा देने के लिए खाप की समस्त सरदारी शामिल होगी।

## जेल वार्डन ने फंदा लगा की आत्महत्या

**जींद।** संदिग्ध परिस्थितियों में जेल वार्डन ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। मूलतः गांव भैरवखेड़ा हाल आबाद राम कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय सुरेश जेल वार्डन के पद से निलंबित था। जिसने बीती रात अपने मकान में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को वीरवार सुबह उस समय पता चला जब सुरेश को फांसी के फंदे पर लटका देखा। परिजनों द्वारा उसे सामान्य अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पिंकी देवी ने पुलिस को बताया कि सुरेश कैथल जिला कारागार में जेल वार्डन के पद पर कार्यरत था और लगभग नौ माह पहले बंदी को नशीला पदार्थ देते पकड़े जाने पर उसे निलंबित कर दिया गया था। जिसका मामला अदालत में विचाराधीन था। जिसके चलते सुरेश मानसिक रूप से परेशान रहता था और उसी परेशानी के चलते उसने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सोमबीर ढाका ने बताया कि मृतक जेल वार्डन के पद से निलंबित था और परिजनों ने उसे मानसिक रूप से परेशान बताया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

## एमपीएचडब्लू भेजेंगे स्वास्थ्यमंत्री को ज्ञापन

**जींद।** लंबित मांगों के पूरा न होने से क्रोधित प्रदेशभर के एमपीएचडब्लू वर्ग 13 मार्च से जिलावार कार्यक्रम तय कर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के नाम ज्ञापन सौंप कर मांगो को पूरी करने हेतु गुहार लगाएंगे। एसोसिएशन की राज्य प्रधान रानी गहलावत ने बताया कि गत 10जनवरी को महानिदेशक के साथ एसोसिएशन व स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ की संयुक्त बैठक हुई थी। जिसमें मांगों को लेकर सहमति बनी थी लेकिन दो महीने बीत जाने के बावजूद अब तक किसी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे प्रदेश के एमपीएचडब्लू वर्ग में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्लू को कैडर के मूल वेतनमान 4200 ग्रेड पे का लाभ दिया जाए। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुए सहमति अनुसार नियमित एमपीएचडब्लू महिला की तरह एमसीएच एलाउंस, एफटी व वर्दी भत्ता प्रदान किया जाए। नए नॉर्म की आड़ में एमपीएच डब्लू व एमपीएचएस के पदों में की गई कटौती को वापस लेते हुए पद बहाली का पत्र जारी किया जाए व आबादी तथा नए नॉर्म अनुसार नए पद सृजित करते हुए एमपीएचडब्लू पुरुष व महिला के खाली पदों को नियमित भर्ती से भरने हेतु कर्मचारी चयन आयोग को सिफारिश भेजी जाए। स्वास्थ्य विभाग के लगभग सभी वर्गों की भांति एमपीएचडब्लू वर्ग के भी पदनाम बदलते हुए अधिसूचना जारी की जाए। स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेट्रिक मशीनें व इंटरनेट की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होने तक बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने हेतु अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। प्रति माह 10 हजार रुपये जोखिम भत्ता प्रदान किया जाए।

## अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस वसूल लेने के बाद मांगा जा रहा है उसका ब्यौरा

**फरीदाबाद।** निदेशक सेकेंडरी शिक्षा पंचकूला ने एक और पत्र सार्वजनिक करके फार्म 6 पर संशोधित ब्यौरा मांगा है। फार्म 6 के साथ प्रबंधकों से एफिडेविट मांगा गया है कि उन्होंने नए शिक्षा सत्र में कितनी फीस बढ़ाई है और उसके हिसाब से अपने अध्यापकों की कितनी तनख्वाह बढ़ाई है। इससे पहले शिक्षा निदेशक ने 28 फरवरी को पत्र जारी करके कहा था कि स्कूल प्रबंधक फार्म 6 में कोलम 12 व 13 में मांगी गई जानकारी भरकर नहीं दे रहे हैं। कॉलम 12 में शिक्षा सत्र 2023 -24 में छात्रों से 2022-23 के मुकाबले बढ़ाकर ली जाने वाली फीस व कालम 13 में नए शिक्षा सत्र में नए दाखिलों में वसूली गई फीस का ब्यौरा भर कर देने को कहा गया था। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा और प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि प्राइवेट स्कूलों को नियम के अनुसार फार्म 6 के साथ बैलेंस शीट व ऑडिट रिपोर्ट लगाना अनिवार्य है इसके बिना फार्म 6 अधूरा माना जाएगा। लेकिन शिक्षा निदेशक ने अपने दोनों पत्रों में इसका जिक्र नहीं किया है। मंच ने सबसे बड़ा आरोप यह लगाया है कि स्कूल संचालकों ने नए शिक्षा सत्र के लिए प्राथमिक कक्षाओं सहित अन्य कक्षाओं में दाखिले नवंबर से जनवरी महीने के बीच करके मनमानी रूप से बढ़ाई गई फीस अभिभावकों से वसूल ली है। वाकी अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस अप्रैल में वसूल कर ली जाएगी। ऐसे में फार्म 6 में भरी गई फीस व अन्य ब्योरे की सत्यता की जांच कब और कैसे हो पाएगी। मंच का कहना है फार्म 6 अभिभावकों की आंखों में धूल झोंकने के समान है और सरकार द्वारा स्कूल प्रबंधकों को फीस बढ़ाने का कानूनन अधिकार देने का दस्तावेज है। स्कूल प्रबंधक फार्म 6 में कोई भी मनमानी फीस लिख दें जब उसकी वैधानिकता व सत्यता की जांच ही नहीं होनी है तो फार्म है 6 सिर्फ एक कागजी कार्यवाही है। मंच फार्म 6 की वैधानिकता, प्राइवेट स्कूलों द्वारा हर साल बढ़ाई जा रही मनमानी ट्यूशन फीस व अपनी मर्जी से बनाए गैर गैर कानूनी फंडों में वसूली जा रही फीस व हुडा विभाग की जमीन पर बने प्राइवेट स्कूलों द्वारा किए जा रहे हुडा नियमों के उल्लंघन आदि को लेकर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगा। जिसमें शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक, हुडा मुख्य प्रशासक,एस्टेट ऑफीसर प्रशासक, चेयरमैन एफएफआरसी को भी पार्टी बनाया जाएगा।

# अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में 'परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार' पलवल के गांव अटोहा से हुई शुरू

भगत सिहं तेवतिया

**पलवल।** होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दो दिन के विश्राम के बाद इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में 'परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार' को बारहवें दिन पलवल हलके के गांव अटोहा से शुरू हुई। जगह-जगह पर लोगों ने गर्मजोशी के साथ चौ. अभय सिंह चौटाला का जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए लोग यात्रा में शामिल हुए। गांव छछूनगर पहुंचने पर पूरा गांव अभय सिंह चौटाला के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा। गांव के हरएक घर से महिलाएं पहुंची। छछूनगर वही गांव है जहां जननायक ताऊ देवी लाल और चौ. ओम प्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री रहते हुए इस गांव में ठहरा करते थे।

इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 2024 में हर हाल में हरियाणा में परिवर्तन आएगा। आज इस सरकार से नौजवान, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, गृहिणी समेत सभी वर्ग बेहद दुखी हैं और इस बेरहम सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था। 2022 चला गया लेकिन किसानों की आय तो दोगुणी नहीं हुई लेकिन किसान पर कर्जा बढ़ता चला गया है।आज रोजमर्रा की वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही हैं।

रसोई गैस सिलैंडर और पैट्रोल-डीजल के दाम निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। इस सरकार ने आम आदमी की कमर तोड? का काम किया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के 21 लाख किसान कर्जदार हैं। युवा वर्ग तो इस सरकार से सबसे अधिक मायूस है। भाजपा गठबंधन सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकामयाब रही है।इनेलो नेता ने कहा कि परिवर्तन पदयात्रा के दौरान वे हर रोज 20 से 25 किलोमीटर पैदल चल रहे हैं और अब तक 12 दिनों में करीब 125 गांवों में जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे इस सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी लेते हैं।


लोगों को संबोधित करते हुए। आज समाज

# धूमधाम से मनाया दुलेहंडी का पर्व

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** गुलाल के बहाने प्यार को बढ़ावा देने वाला तथा अधर्म पर धर्म की जीत का दुलेहंडी पर्व बुधवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। फॉग पर्व पर मारपीट की छुटमुट घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो त्योहार शांतिपूर्ण रहा व तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हुए वहीं सड़कों पर फरार्टा भरते हुए सड़क हादसों में भी दो दर्जन से ज्यादा घायल हुए। हालांकि शांतिपूर्वक तरीके से मने, इसके लिए पुलिस पीसीआर शहर के साथ-साथ क्षेत्रभर में गश्त करती नजर आई। दिनभर लोग एक दूसरे पर रंग-गुलाल-अबीर डाल कर मस्ती में डूबे रहे। भाभियों ने भी देवरों पर जमकर कोरड़े बरसाए। वहीं, देवरों ने भाभियों पर जम कर पानी तथा गुलाल उड़ेला। बुधवार को दुलेहंडी के समय जगह-जगह देवर भाभियों के बीच कोरड़े बरसने के नजारे देखने को मिले। जहां कोरड़ों के डर से देवर छिपते घूम रहे थे तो भाभियां उन्हें तलाश रही थी। वहीं, लोग टोलियां बना कर एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल डाल कर होली की शुभकामनाएं दे रहे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे मौसम सुहावना होता गया जिसका लोगों ने जमकर आनंद उठाया। युवकों की टोलियां एक स्थान से दूसरे स्थान घूम-घूम कर फाग खेलती रही यह क्रम देर शाम तक जारी रहा। अर्बन एस्टेट, पटियाला चौंक, गांधी नगर में सुबह से ही लोगों ने डीजे लगा दिए थे। जिन पर सारा दिन लोग फिल्मी धुनों पर थिरक कर इस त्यौहार का मजा लेते देखे गए।

कुछ लोगों ने मंदिरों में जाकर शिव भगवान की पूजा-अर्चना की। शहरी इलाके में यह पर्व जहां हर्षोल्लास के साथ मना, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व कालोगों ने जम कर लुत्फ उठाया। शहरों में जहां लोग एक दूसरे को रंग तथा गुलाल लगा रहे थे, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गुलाल का कम प्रयोग गली के कीचड़ का प्रयोग ज्यादा हो रहा था। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि यह पर्व प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है। बताते हैं कि इस दिन से एक दिन पहले यानी होली के दिन भगवान विष्णु ने धरती पर आकर जनता के ऊपर अपराध करने वाले तथा अपने आप को भगवान बताने वाले दुष्ट्द राजा हिरण्याकश्यप को मौत के हवाले किया था।

वहीं शहरभर में जगह-जगह सुबह से ही लोगों ने बड़े स्पीकर व डीजे लगा दिए थे। जिन पर सारा दिन लोग फिल्मी धुनों पर थिरक कर इस त्यौहार का मजा लेते देखे गए। कुछ लोगों ने मंदिरों में जाकर शिव भगवान की पूजा-अर्चना की। त्योहार को देखते हुए ग्रामीण महिलाओं ने सुबह ही अपना काम निपटा लिया था और फिर होली खेली।


होली पर्व पर कोरड़े बरसाते हुए।

## बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूमें श्रद्धालु

**जींद।** रेलवे रोड स्थित भगत भेरोलाल धर्मशाला में श्री खाटू श्याम हकीकत मंडल जींद द्वारा होली मोहत्सव पर विशाल खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। जागरण में बाहर से आए कलाकार मनासा एमपी से कनिका ग्रोवर, संजीव शर्मा सोनभद्र यूपी से, हर्ष तनेजा भिवानी से, राहुल कौशिक जींद से व कृष्णा इंटरनेशनल म्यूजिक ग्रुप द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। कनिका ग्रोवर, संजीव शर्मा, हर्ष तनेजा द्वारा भक्तों के साथ भजन गा कर फूलों की होली खेली गई। यहां पर विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने भी श्याम बाबा का गुणगान किया और कहा कि बाबा श्याम की नगरी अपने आप में एक चमत्कार है। बाबा श्याम की नगरी में कोई भक्त एक बार आके बाबा के दर्शन कर लेता है तो हमेशा के लिए उनका बन जाता है और फिर बार-बार यह धरती उसे खींच लाती है। इस मौके पर प्रधान नरेश चिल्लाना, हरीश, सन्नी वधवा, रिषी मेहंदीरत्ता, भोला नागपाल, विक्की, नीरज कटारिया, विशु, हिमांशु, तरूण, आशीष, अंकित, गौरी शंकर, हितेश आदि अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



## वैवाहिक परिचय सम्मेलन 19 को करनाल में : राजकुमार

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की बैठक प्रधान डॉ. राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 19 मार्च को करनाल के जैन स्कूल में होने वाले 23वें विवाह योग्य अग्रवाल परिचय सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। राजकुमार गोयल ने कहा कि आगामी 19 मार्च को करनाल में अग्रवाल युवा संगठन द्वारा वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन में पूरे हरियाणा से सैंकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवनसाथी का चयन करेंगे। इसके अलावा अन्य राज्यों से भी काफी संख्या में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेगें। गोयल ने कहा कि अपनी विवाह योग्य संतानों के लिए उचित जीवन साथी का चयन करने का यह सुनहरा अवसर है। इसलिए इस सम्मेलन में विवाह योग्य प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। गोयल ने कहा कि परिचय सम्मेलन आज के समय की जरूरत बन कर रह गया है।

## ब्यूटी एंड वेलनेस की टूलकिट बांटी


छात्राओं को टूल किट वितरित करते हुए।

**जींद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत छात्राओं को ब्यूटी एंड वेलनेस की टूल किट वितरित की गई। इस टूल किट को बांटने का उद्देश्य बच्चों ब्यूटी एंड वेलनेस की फिल्ड में आत्मनिर्भर बनाना है। टूलकिट की मदद से छात्राएं काम का अभ्यास करें और इस प्रकार से उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ स्किल भी सीखने को मिले। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शशि नैन ने की। जबकि ब्यूटी एंड वेलनेस इंस्ट्रक्टर कपिल रानी, पीसीए इंस्ट्रक्टर प्रियंका, महेंद्र, सविता भी कार्यक्रम में शामिल रही। ब्यूटी एंड वेलनेस इंस्ट्रक्टर कपिल रानी ने बताया कि पिछले साल भी यह टूलकिट बांटी गई थी। इनसे बच्चों को घर पर रोजगार में मदद मिलती है। वीरवार को भी विद्यालय में 59 ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को यह किट बांटी गई है। नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क की तरफ से ब्यूटी एंड वेलनेस की 59 छात्राओं को टूलकिट वितरित की गई हैं।

वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घिमाना में एग्रीकल्चर ट्रेड के विद्यार्थियों को एग्रीकल्चर की किट बांटी गई। प्रधानाचार्य पूनम देवी ने कहा कि इन किट को बांटने का उद्देश्य बच्चों को एग्रीकल्चर फील्ड में आत्मनिर्भर बनाना रहा।

# गांव की जनता ने सरपंच को विकास कार्य के लिए चुना है, विनाश के लिए नहीं: देवेंद्र बबली

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश में 4,500 से ज्यादा पंचायतों ने ई-टेंडरिंग के तहत विकास कार्य शुरू कर दिए हैं। उन्होंने अन्य पंचायतों से भी संबंधित प्रणाली के तहत कार्य करवाने का आग्रह किया। साथ में उन्होंने कहा कि गांव की जनता ने सरपंचों को विकास के लिए चुना है विनाश के लिए नही। उन्होंने कहा कि सम्बंधित प्रणाली में यदि कोई खामी या कोई परेशानी होगी तो सरकार द्वारा उसमें सुधार किया जाएगा। ग्रामीण विकास मौजूदा गठबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा नौ सूत्रीय कार्यक्रम बनाया गया है। इस कार्यक्रम से भविष्य में ग्रामीण स्तर पर मजबूत एवं विकास परक व्यवस्था का आगाज होगा। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली वीरवार को गांव दनौदा खुर्द स्थित बाबा विचारपुरी धाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए सरकार द्वारा क्रियान्वित नौ सूत्रीय कार्यक्रम के तहत विशेष ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है।

इसमें गांवो दर गांवो लाइब्रेरी की स्थापना, पुराने सार्वजनिक भवनों का नवीनीकरण, ग्रामीण खेल स्टेडियम तथा ओपन जिम की व्यवस्था, पार्को का निर्माण, तालाबों का सौंदर्यीकरण, गांवो की फिरनी को पक्का कर स्ट्रीट लाइट लगवाना, व्यामशालांए बनवाना, पंचायतों द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर अत्याधुनिक सामुदायिक केंद्र का निर्माण करवाना शामिल है।

इसके अलावा गांवों के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों में समुचित बिजली सप्लाई एवं पेयजल की व्यवस्था करवाने पर सरकार का मुख्य फॉक्स है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने आगे कहा कि सभी ग्राम पंचायतें सरकार द्वारा जारी धनराशि को 31 मार्च तक विकास परियोजनाओं पर खर्च करना सुनिश्चित करें ताकि अन्य परियोजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए नए वित्त वर्ष में अतिरिक्त धनराशि भेजी जा सके।

उन्होंने ग्रामीणों से भी एकजुटता के साथ विकास कार्यों में सरकार एवं प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया। वही कार्यक्रम के अतः में विकास एवं पंचायत मंत्री ने बाबा विचार पुरी धाम के लिए 51 हजार रुपये की राशि सवेच्छिक कोस से देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में धाम के महंत महेश गिरी, कार्यक्रम के आयोजक बलकार फौजी दनौदा, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, नरेश कुमार, मास्टर ज्ञानीराम, सुरेंद्र प्रधान, श्यामलाल, धर्मपाल उर्फ बल्ली, भगत प्रधान, संजू रानी, अमित नैन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



पंचायत मंत्री को माला पहनाकर स्वागत करते ग्रामीण।

# पेगां में बिना अनुमति के लाखों रुपए की कीमत के हरे पेड़ों पर चली आरी

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** गांव पेगां में कुछ लोगों द्वारा डाकू वाला तालाब के साथ खड़े हरे पेड़ों को काट कर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि मामले को लेकर पेगां ग्राम पंचायत ने इसकी शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा को दी है।

विभाग ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा को दी शिकायत में ग्राम पंचायत पेगां ने कहा कि डाकूवाला तालाब पर 20 लाख रुपये के करीब हरे पेड़ खड़े हैं, लेकिन कुछ लोगों ने उसी जगह से करीब दो लाख रुपये के हरे पेड़ काटकर बेच दिए हैं। काफी संख्या में बड़े-बड़े पेड़ों के काटने के चलते पंचायत को उनसे होने वाले राजस्व के रूप में काफी हानि उठानी पड़ी। हांलाकि मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने अनेक बार हरे पेड़ काटकर रहे लोगों को अवगत करवाया, लेकिन पेड़ काटने वाले बाज नहीं आए। जिसको लेकर लोगों ने पंचायत को अवगत करवाया और पंचायत ने मामले की शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा को दी है। खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय अलेवा के कर्मचारी संदीप पटवारी ने बताया कि पेगां ग्राम पंचायत ने कुछ लोगों पर गांव के डाकूवाला तालाब से हरे पेड़ काटने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा को दी है।

इसके लिए गांव में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गांव पेगां की सरपंच रतनी देवी ने बताया कि पंचायत की संपति बेचना गलत है। कुछ लोगों द्वारा डाकूवाला तालाब से करीब दो लाख रुपये के हरे पेड़ काटकर बेच दिए हैं। इसके लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा को शिकायत दी है। मामले को लेकर जांच करना अधिकारियों का काम है। हालांकि पंचायत की परमिशन के बिना गांव की संपति बेचना गलत है।


पेगां गांव में हरे पेड़ काटते मजदूर।

# कैंटर से दस गाय बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार, केस

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** गोहाना रोड पर गौरक्षकों ने एक कैंटर से दस गायों को बरामद कर दो लोगों को काबू कर पुलिस को सौंपा है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गायों का पजांब से तस्करी कर मेवात ले जाया जा रहा था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनो लोगों के खिलाफ हरियाणा गोवंश संरक्षण व गोसंर्वधन अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गौसेना पुत्र के जिलाध्यक्ष गांव अहिरका निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बस अड्डे पर मौजूद था कि तभी सूचना मिली कि पंजाब की तरफ से कैंटर में गायों को भर कर मेवात ले जाया जा रहा है। जिसके आधार पर उन्होंने गोहाना रोड कोर्ट मोड पर बेरीकेटिक कर तिरपाल लगे कैंटर को रोकने की कौशिश की। कैंटर बेरीकेटिंग को तोड़ते हुए डिवाइडर से जा टक्कराया। जिसके बाद चालक तथा उसमें सवार व्यक्ति सड़क पर उतर भागने लगे तो वे गिर कर घायल हो गए। चालक की पहचान पंजाब निवासी जसविंद्र तथा परिचालक की पहचान सिरसा निवासी रोशन के रूप मे हुई है।

जब तिरपाल लगे कैंटर की तलाशी ली गई तो उसमें दस गाय बरामद हुई। जिनके पांव तथा मुंह बंधे हुए थे और उनकी हालत दयनीय हो चुकी थी। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी बलजीत सिंह ने बताया कि गायों तथा कैंटर को कब्जे मे ले चालक जसविंद्र तथा परिचालक रोशन के खिलाफ गोसंवर्धन तथा गोसंरक्षण अधिनियम व पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**मुकाबला** | ग्राम सिहौल में मानाई गई 1000 वर्ष पुरानी अरहेरा फोड़ो प्रथा

# रवि गहलोत मटका फोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

भगत सिंह तेवतिया

**पलवल।** सिहौल ग्राम जिले का बहुत ही प्राचीन गांवों में से एक घनी आबादी वाला ग्राम है। होली त्यौहार के अवसर पर यहां हजारों वर्षों के अरहेरा फोडो (मटका फोड) प्रथा को मनाया जाता था लेकिन बीच में इस प्रथा को किसी कारणवश रोक दिया गया था। हाल ही में सिहौल ग्राम की नवनिर्वाचित सरपंच वेदवती ने इस प्रथा को होली के त्यौहार पर सम्पन्न करवाया जिसमें ग्राम के नवयुवकों ने बढ-चढ कर भाग लिया। अरहेरा प्रथा के विषय में विरेन्द्र गहलौत ने बताया कि यह प्रथा प्राचीनतम होने के साथ ही ग्राम नवयुवकों में नई शक्ति भी उत्पन्न करती है। इस प्रथा में नवयुवक दौड लगाते हैं तथा अरहेरा(मटका) जो एक निश्चित स्थान पर रखा होता है उसको फोडते हैं। जो भी नवयुवक इस मटका को पहले फोडता है उसे प्रथम स्थान प्राप्त होता है और वह प्रथम पुरस्कार का भागी बन जाता है। प्रतिभागियों में रवि गहलौत पुत्र सुधीर ने सबसे पहले दौड लगाते हुए मटका फोडा तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर कल्लू तथा टिल्लू पुत्र केसमराम पंडित रहे। प्रतियोगिता में सरपंच ने रवि गहलौत को अपने निजी कोष से 5100रू नकद व मोमेंटो कल्लू को 2100रू व मोमेंटो तथा टिल्लू को 1100रू नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नरेन्द्र सहरावत, भोला ठोंडा, करण मास्टर, दलबीर सुखबीर, सुबेदार ग्यानी पारासर, रामप्रसाद सरपंच, लाला राम डबास, मूला पुजारी, नहार सिंह, राजपाल मास्टर, मेहरचंद, बीरपाल गहलौत, बलजीत गहलोत, अजीत मास्टर, रणजीत गहलौत, बच्चू गहलोत आदि ने इस प्रथा को कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरपंच ने भी सभी धन्यवाद किया।


सम्मानित करते हुए। आज समाज

## खबर एक्सप्रेस

### एनजीओ खुशी ने छात्राओं को दिए सैनिटरी नैपकिन



**गुरुग्राम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरहौल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की एनजीओ खुशी द्वारा पैड्स फॉर फ्रीडम नाम से अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कक्षा छठी से आठवीं तक की सभी छात्राओं को निशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। सैनिटरी पैड के वितरण के साथ साथ खुशी एनजीओ की काउंसलर सिमरन भोगरा व शकुंतला रोहिल्ला द्वारा मेंस्ट्रअल स्वास्थ्य के बारे में बताया। एक्टिविटी के साथ साथ प्री-जानकारी प्रपत्र व पोस्ट जानकारी प्रपत्र भरवाकर छात्राओं को जागरूक किया। एनजीओ की डायरेक्टर गीता भट्ट ने बताया कि खुशी एनजीओ पूर्व क्रिकेट कपिल देव के नेतृत्व में चल रही है। एनजीओ का पैड्स फॉर फ्रीडम अभियान का लक्ष्य गुरुग्राम जिले में सरकारी विद्यालयों की 10 हजार छात्राओं को व पूरे भारत में एक लाख छात्राओं को शामिल करना है। जिसमें सभी को निशुल्क सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने सभी छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन का वितरण कि राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक व निपुण हरियाणा मिशन के जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार लाकड़ा ने बताया कि इस अभियान से सरकारी विद्यालयों में लड़कियों के ड्राप आउट में भी काफी कमी आयेगी। विद्यालय के प्राचार्य ललित वशिष्ठ ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

### वित्तीय साक्षरता कैंप का किया आयोजन

**फिरोजपुर झिरका।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर खंड के गांव साकरस में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें एसएचजीबी साकरस बैंक मैनेजर एवं बीसी भी शामिल रहे। इस कैंप का आयोजन वित्तीय साक्षरता नगीना द्वारा किया गया। वित्तीय साक्षरता केंद्र से सेंटर मैनेजर रॉकेट एफसी अंजू सैनी ने ग्रामीणों को बैंक की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई, एपीबाई, बी.स.बाई और डिजिटल सेविंग के बारे में भी बताया और जिन लोगों के बैंक के खाते नहीं उन लोगों के बैंक के खाते भी खुलवाए गए। इस मौके पर ग्रामीणों ने बीमा के भी फार्म भरवाए और मोबाइल बैंकिंग मोबाइल फोन में चला कर देखा। जिसमें ग्रामीणों का अलग ही उत्साह देखने को मिला।

### यातायात को लेकर एसीपी ट्रैफिक ने सर्वे कर फरीदाबाद में रैड स्पॉट चौक को किया चिन्हित

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 44 पर गांव सीकरी फ्लाईओवर के दोनों तरफ, कैली, झाडसैंतली फ्लाईओवर के दोनो तरफ, जेसीबी, एलसन चौकपर पैदल यात्री बहुत अधिक संख्या में डिवाईडर पर ग्रील ना होने या बहुत छोटी होने के कारण रोड पार करते है। जिसके सम्बंध में प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचआईए को ग्रील लगावाने और ग्रील को ऊंची कराने बारे पत्राचार किया गया है। इसके अलावा गुडियर कट और अनाज मंडी कट राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 19 पर अत्यधिक सडक दुर्घटनाये होती थी। जिसको एनएचआईए की मदद से बंद करवाया गया है। अनाज मंडी पर अंडरपास के बनाने से रैड स्पॉट को खत्म किया जा सकता है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार द्वारा फरीदाबाद में यातायात को लेकर चिन्हित किए गए मार्ग में के सम्बंध में बताया है कि गुडियर कट और अनाज मंडी कट राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 19 पर अत्यधिक सडक दुर्घटनाये होती थी। जिसको एनएचआईए की मदद से बंद करवाया गया है। सेक्टर-15 फरीदाबाद मार्किट में कोण लगाकर यातायात व्यवस्था बनाई गई है। जिससे यहां लगने वाले यातायात जाम से तकरीबन निजात मिल चुकी है। अजरौंदा व बाटा चौक व ओल्ड फरीदाबाद फ्लाईओवर के पास रोड का चौड़ी करण कराया गया है बाटा चौक फ्लाईओवर के ऊपर वाला रोड एवं साईड दीवार एक्सीडेंट से टूट गया था। जिसको ठीक करवाया गया है। बाटा चौक की तरफ स्लिप रोड को नेशनल हाईवे 19 से मिलवाया गया है वाहनो को राजमार्ग पर चढने के लिये एंट्री कट बनवाया गया। संजय कॉलोनी की तरफ एलसन चौक पर भरने वाले बारिश एवं सीवरेज का मिक्स होकर होने वाले जलभराव के पानी को 600एमएम की पाइप लाइन डालकर एलसन चौक जेसीबी ले जाकर वहां पर पम्प स्टेशन का निर्माण किया गया है जिसे आगे सैक्टर-55 की तरफ आगे ले जाकर नगर निगम द्वारा बनाये गये नाले में डलवाया गया है। सीकरी गांव राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 19 पर सरकारी स्कूल के सामने डिवाईडर पर ग्रिल नही थी। जो स्कूली बच्चे एवं अन्य पैदल यात्री रोड पार करके इधर से उधर जाते थे और सडक दुर्घटनाओ का शिकार होते थे जो डिवाईडर पर ग्रील लगवाई गई है। फरीदाबाद में कई जगहों पर यातायात नियंत्रण के लिये बोलार्ड लगवाई गई है। एनआईटी एवं बल्लबगढ एरिया में रांग पार्किग की वजह से लगने वाले यातायात जाम से बचने के लिये नगर निगम फरीदाबाद के साथ मिलकर 14 पार्किंग लोकेशन का चयन किया है। फरीदाबाद यातायात पुलिस द्वारा अलग से एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### सांसद खेल महोत्सव आज से

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में आज सीटीएम अमित मान ने सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि 10 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले दूसरे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 10 मार्च शुक्रवार को प्रातः 9 बजे सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से किया जाएगा। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 10 मार्च से 12 मार्च तक होने वाले दूसरे सांसद खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर शिरकत कर रहे हैं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा परिवहनए खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, बडखल की विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता, तिगाव के विधायक राजेश नागर, पृथला के विधायक नयन पाल रावत, होडल के विधायक जगदीश नायर, पलवल के विधायक दीपक मंगला, हथीन के विधायक प्रवीण डागर शिरकत करेंगे।

### आम आदमी पार्टी की वार्ड बैठकों से गुरुग्राम में चल रही बदलाव की लहर

गुरुग्राम। गुरुग्राम नगर निगम में इस बार झाडू चलेगी। आम आदमी पार्टी का मेयर गुरुग्राम में जीत दर्ज करेगा। 40 वार्डों से पार्षद चुने जाने हैं। इसी को देखते हुए गुरुवार को आम आदमी पार्टी के गुरुग्राम नगर निगम चुनाव प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने वार्ड 3, वार्ड 13 और वार्ड 24 में जनसभा संबोधित की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा भी उनके साथ मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा की गुरुग्राम की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है, वह अब किसी भी हाल में बदलाव चाहती है, गुप्ता ने कहा की आम आदमी पार्टी सभी 40 वार्डों से और मेयर पद के लिए मजबूत उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि निगम के भ्रष्टाचार से गुरुग्राम की सड़कों और मूलभूत सुविधाओं की दुर्दशा बद्तर हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन की शुरूआत गुरुग्राम से होगी। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार एक सुनियोजित तरीके से चुनाव नहीं करवाना चाहती। गुरुग्राम नगर निगम में अफसरशाही चल रही है। पिछले एक साल से निगम में जनता के चुने हुए प्रतिनिधि नहीं है। जनता की सुनवाई चुने हुए प्रतिनिधि करते हैं। अफसर ना तो निगम के सफाई कर्मियों की सुन रहे हैं और न ही जनता की शिकायतों की तरफ ध्यान दे रहे हैं। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने वार्ड 13 में जनसभा संबोधित करते हुए कहा कि सीबीआई-ईडी की रेड से 100 रुपया का काला धन बरामद नहीं हुआ, लेकिन बीजेपी आम आदमी पार्टी नेताओं से इतनी डरी हुई है, उन्हें बिना किसी सबूतों के जेल में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि ये आम आदमी पार्टी और हमारे नेताओं का खौफ है कि बीजेपी डरी हुई और झूठे केसों में जेल में डाल रही है। पहले सत्येंद्र जैन और फिर मनीष सिसोदिया को जेल में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज की महंगाई के दौर में जनता को बिजली का बिल भरना और मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी निगम चुनावों और 2024 में हरियाणा में झाडू चलाने का काम करें और आम आदमी पार्टी की सरकार बनवाएं। आम आदमी पार्टी जनता को ये सभी सुविधाएं देने का काम करेगी। इस मौके पर मुकेश डागर कोच, वीरू सरपंच, देवा प्रधान, अभय जैन, राजीव यादव, जितेंद्र भल्ला, डॉ. सारिका, एडवोकेट अशोक वर्मा, मीनू सिंह, सुशीला कटारिया, गौरव टांक और मनजीत जैलदार समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।




# महिलाओं ने केक काटकर और नाच-गाकर मनाया महिला दिवस

आज समाज नेटवर्क

**गुरुग्राम।** इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली का पर्व एक ही दिन आया तो महिलाओं की खुशी भी दुगुनी हो गई। दिन भर महिलाओं ने रंगों से सराबोर होकर होली खेली और नाच-गाकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया। कहीं केक काटा गया तो कहीं मिठाइयां बांटी गई। केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की खुशी मनाते हुए सरोज (सरू), हरप्रीत, तनुजा, सोनिया, पूजा, ज्योति, संगीता, विद्या, काव्या, वैशाली, गीता आदि ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। ना ही किसी तरह का भेदभाव होना चाहिए। महिलाएं, बेटियां समाज का अहम हिस्सा हैं। खेल, सेना, पुलिस, अंतरिक्ष हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा से पहुंची हैं। समाज को अस्तित्व महिलाओं से है।

इसलिए उन्हें किसी भी स्तर पर भुलाया नहीं जाना चाहिए। आधी आबादी को पूरे हक देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाए,



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की केक काटकर खुशी मनाती महिलाएं।

तभी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के मायने सार्थक होंगे।

**वर्ष 1911 में मनाया गया था पहला महिला दिवस:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत 20वीं सदी में अमेरिकी समाजवादी और श्रमिक आंदोलनों से हुई थी। उस समय महिलाएं काम के घंटे कम करने, बेहतर वेतन और वोट देने के अधिकार के लिए लड़ रही थी। वर्ष 1911 में महिला दिवस का पहला उत्सव मनाया गया था। इस दौरान ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में 10 लाख से भी अधिक लोगों ने महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करने के लिए रैलियां तक निकाली थी। इसके बाद से महिलाओं के कार्य स्थलों पर समानता से लेकर हिंसा के खिलाफ मुद्दों पर भी बातें हुई। इस दिवस को मनाने के लिए किसी समूह, संस्था के पास स्वामित्व नहीं था। ऐसे में वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता मिली।

**इसलिए 8 मार्च को मनाया जाता है महिला दिवस:** आठ मार्च को इस दिवस के मनाने के पीछे उद्देश्य यह है कि वर्ष 1917 में रूसी महिलाओं ने रोटी और शांति की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन किया था।

इसके चलते तत्कालीन रूसी जार को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। जिस दिन रूसी महिलाओं ने इस प्रदर्शन की शुरूआत की थी, वह दिन रूसी कैलेंडर के हिसाब से 23 फरवरी (रविवार) था। यदि इस तारिख को ग्रेगॉरियन कैलेंडर के हिसाब से देखा जाए तो वह दिन आठ मार्च का था। तब से इसी दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का नाम दिया गया।

### बोधराज सीकरी ने आयोजित किया 36 बिरादरी का होली मिलन समारोह

# होली के रंग कराते हैं अनेकता में एकता का अवलोकनः बोध राज

आज समाज नेटवर्क

**गुरुग्राम।** एक बार फिर से हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने होली मिलन समारोह के बहाने अपनी ताकत दिखाई है। इस बार उनके कार्यक्रम में सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। उन्होंने होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम आयोजित करके बोधराज सीकरी ने 36 बिरादरी को भी एक मंच पर लाकर खड़ा किया। उनके इस होली मिलन कार्यक्रम में नेता, कवि, समाजसेवी और उद्योगपति जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान बोधराज सीकरी ने कहा कि हमारे तीज-त्योहार ही हमारी संस्कृति और परंपराओं की खूबसूरती को प्रकट करने का सरलतम व उत्कृष्ट माध्यम हैं। होली हमारी संस्कृति की खूबसूरती और अपनत्व का अनुपम उदाहरण है। इसमें उपयोग होने वाले अनेक प्रकार के रंग हमें अनेकता में एकता और आपसी भाईचारे की भावना का साक्षात अवलोकन कराते हैं। उन्होंने अतिथि



होली मिलन समारोह में मौजूद सांसद सुनीता दुग्गल, बोधराज सीकरी व अन्य।

के रूप में शामिल सांसद सुनीता दुग्गल, राष्ट्रीय प्रवक्ता आर्थिक विषय भाजपा गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सूरजपाल अम्मु, डिप्टी मेयर अनिल यादव व अन्य सम्मानित लोगों का आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने कवियों की वीर रस और हास्य रस की कविताओं की प्रस्तुति के लिए उनका आभार जताया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग करने वाले साथियों का भी धन्यवाद किया। लोगों से खचाखच भरे ब्लिस प्रीमियर के हॉल में कवियों ने अपनी कविताओं से मनोरंजन किया। कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साह और खुशी के नवरंगों से सराबोर कर दिया। बोधराज सीकरी ने स्वयं भी शेरो-शायरी करके वाहवाही लूटी। सांसद सुनीता दुग्गल ने होली के महत्व की चर्चा की और गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने राष्ट्र की उन्नति की बात की। इस अवसर पर नवीन गोयल (सह-संस्थापक कैनविन फाउंडेशन), ओमप्रकाश कथूरिया, प्रमोद सलूजा, संजय टंडन, धमेन्द्र बजाज, रामलाल ग्रोवर, किशोरी लाल डुडेजा, अभिषेक गुलाटी, श्रवण आहूजा, नितिन मलिक, कटारिया मंडल अध्यक्ष, डॉक्टर मनजीत, जतिंदर यादव, अनूप पार्षद, अनिल आरती पार्षद, अनिल यादव डिप्टी मेयर अशोक आजाद,अत्तर सिंह सिंधु, ज्योत्सना, शशि बजाज, रचना बजाज, ज्योति बजाज, एकता कामरा, अशोक आर्य, केएल आर्य, अशोक सीकरी, सुरेश सीकरी, शील सीकरी, सोनिया सचदेव, मीनू छाबड़ा, प्रवीण सीकरी, राजीव छाबरा, रमेश नरूला, सतीश आहूजा, रमेश कालरा, पूनम भटनागर, रश्मि भूषण, सुभाष गांधी, रवि मिनोचा, अशोक ग्रोवर, डॉ. अशोक दिवाकर, रमेश कामरा, राजेश सूटा, गिरिराज ढींगरा, धर्म सागर, सुरेंद्र खुल्लर, कंवरभान वधवा, रमेश चुटानी, केके गोस्वामी, वीना अरोड़ा, गौरीशंकर, सतपाल नासा, प्रो. जगदीश मित्रा, प्रो.राजेश गुरुग्राम कालेज व अन्य हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सुशांत लोक में धूमधाम से मनाई होली

**गुरुग्राम।** लगभग 100 से अधिक सुशांत लोक के बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध जन एवं समाजसेवी व्यक्तियों ने परिवार के साथ मिलकर बोधराज सीकरी के संग भव्य होली का आयोजन किया। फ्लायर पार्क, सी ब्लॉक सुशांत लोक में यह आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें गानों के अलावा होली की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चर्चा हुई। महिलाओं ने नृत्य के माध्यम से भगवान कृष्ण को रिझाया। पुरुषों ने जलपान की व्यवस्था की। दृश्य इतना रोचक था कि हर कोई आश्चर्यचकित रह गया।



### प्रेम-सौहार्द की भावनाओं को दिखती है होली: जीएल शर्मा

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम और सौहार्दकी भावनाओं को विविध रंगों में अभिव्यक्त करने वाला महापर्व है। यह प्रम-सौहार्द की भावनाओं को दशार्ती है। यह बात उन्होंने आर्य केंद्रीय सभा व आर्य समाज मॉडल टाउन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही। आर्य केंद्रीय सभा के पदाधिकारियों ने जीएल शर्मा का स्वागत किया। तत्पश्चात होली मिलन कार्यक्रम का विधिवत आगाज हुआ और भजनों, गीतों पर लोगों ने फूलों की होली कर उत्सव का आनंद मनाया।

जीएल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में महापुरुषों की जयंती मनाने की नई परंपरा शुरू की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी का ऐसा मानना है कि किसी भी समाज के विकास के लिए केवल आधारभूत विकास ही जरूरी नहीं है, बल्कि समाज का वैचारिक और बौद्धिक विकास भी होना चाहिए। इसी सोच को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में महापुरुषों की जयंति मनाने की परंपरा शुरू की। इससे नई पीढ़ी में महापुरुषों के जीवन दर्शन और विचारों का संचार हो रहा है।

## सभी पवित्र पर्वों पर वरिष्ठों से अवश्य लें आशीर्वाद : रिंकू जौडला

आज समाज नेटवर्क

**तिगांव।** तिगांव अधाना पट्टी के युवा पूर्व सरपंच रिंकू भगत सिहं जौडला ने दुल्हैडी के पावन अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को हर्बल गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनके साथ उनकी तिगांव अधाना पट्टी की युवा टीम उपस्थित रहीं।

वहीं अपने युवाओं साथियों को संबोधित करते हुए रिंकू भगतसिंह जौडला ने कहा कि होली के पर्व को सब लोग परिवार की तरह इक्कट्ठे होकर मनाते वहीं हम सभी को अपने पवित्र पर्वो पर बुर्जग और वरिष्ठ से उनका आशीर्वाद अवश्य लेना चाहिए। वहीं



पूर्व सरपंच केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के साथ।

एक दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाना चाहिए। समाज में त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक होते है और होली का त्यौहार भाईचारे व एकता का संदेश देता है। इसलिए इस त्यौहार को मिलजुलकर एकता के साथ मनाना चाहिए और अपने गिले शिकवे भुला देने चाहिए। होली का त्यौहार हमें समरसता का संदेश देता है। हमें इस अवसर पर एक दूसरे के प्रति भेद भूला कर समानता की सीख मिलती है।

## अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा विशाल व्यापार मेला: डीसी विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में विशाल व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जिला फरीदाबाद के सभी औद्योगिक एसोसिएशनो, औद्योगिक इकाइयों और सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओज, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों तथा आरडब्लूए के के प्रतिनिधियों सहित अधिक से अधिक आमजन को भी भागीदार बनाया जाएगा। इस मेले में मंत्री गण, विधायक गण और तमाम उद्योगपतियों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस विभाग का जो भी दायित्व मिले उसे सुनिश्चित और पर पूरा करना सुनिश्चित करें। फरीदाबाद जिला में लगने वाले विशाल व्यापार मेले में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। फरीदाबाद में विशाल मेले के लिए एचएसआईडीसी, एमएसएमई सहित उद्योग, श्रम तथा अन्य विभागों से आपस में तालमेल कर लिया गया है और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। विशाल व्यापार मेले में सभी विभागों को शामिल किया जाएगा। वहीं सरकारी एजेंसियों, स्मार्ट सिटी और एमसीएफ सहित सरकार के अन्य सभी डिपार्टमेंट को शामिल किया जाएगा। बैठक में एडीसी अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, जिला परिषद् सीईओ सुमन भांकर, सीटीएम अमित मान सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।




बैठक को संबोधित करते हुए

## भगवान के संग खेली फूलों की होली

सुधीर वर्मा

**फरीदाबाद।** सिद्धदाता आश्रम में दूसरे दिन भी होली का माहौल रहा। होलिका दहन वाले दिन जहां भजन, सतसंग, प्रसाद एवं आशीर्वाद हुआ वहीं धूलैंडी वाले दिन भगवान लक्ष्मीनारायण के साथ फूलों की होली खेली गई। आश्रम के अधिपति जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने सविधि भगवान का पूजन किया और उनके साथ फूलों की होली खेली। इस



प्रभु राम को श्रृंगार करते हुए स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज।

अवसर पर भक्तों ने फाल्गुन के भजनों पर जमकर कदमताल की। वहीं स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने कहा कि यह होली सांकेतिक है जो हमें आपस में मिल जुलकर रहने की शिक्षा देती है। यह पर्व बता रहा है कि हमसे वर्षभर में कोई जाने अनजाने भूल हो गई हो, तो उसे भूलकर हमें क्षमा प्रदान करें। लेकिन इसका आध्यात्मिक पहलू और बड़ा है जिसमें हम भगवान के नाम रंग में डूबते हैं और उनको अपना पिता मानते हुए दोहराते हैं कि हम आपके बताए हुए मार्ग पर ही चलेंगे। गुरुजी ने बताया कि जिसके मन पर भगवान के नाम का रंग चढ़ गया, उसका इहलोक भी सफल है और परलोक भी सफल होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

### दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता कैंप एवं खुला दरबार का 12 मार्च को: नेहा सिंह

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि आगामी 12 मार्च को प्रातः 9 बजे स्थानीय महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र एवं पंचायत भवन में दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता कैंप एवं खुला दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस जागरूकता कैंप एवं खुला दरबार की अध्यक्षता हरियाणा राज्य आयुक्त राज कुमार मक्कड द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में दिव्यांजगनों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं व एक्ट के बारे में जागरूक किया जाएगा। जागरूकता कैंप का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्रदान करना है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा राज्य आयुक्त राज कुमार मक्कड 11 मार्च को सायं 7 बजे लोक निर्माण विभाग पलवल के विश्राम गृह में गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त 12 मार्च को प्रात 9 बजे स्थानीय महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र एवं पंचायत भवन में खुला दरबार लगाकर दिव्यांगजनों से रूबरू होंगे।

**जानकारी** — आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मार्च को

# आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा परिवादों का निपटाराः सुकिर्ती

कर्ण पराशर

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 11 मार्च शनिवार को न्यायिक परिसर सेक्टर-12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शर्मा की अदालत में लोक अदालत लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवादी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए पिछले लगभग डेढ़ दशक से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो भी वह आपसी सहमति सुलह करके राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर



सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। कानूनी रूप से राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह किए गए केसों का भी अन्य केसों के बराबरी ही होती है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत कैसे लाभ मिलते हैं।

सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाता है। डालसा सचिव ने आगे बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

आज समाज
RNI NO:DELHIN/2007/23083*

प्रकाशक, मुद्रक एवं कार्यकारी निदेशक **राकेश शर्मा** द्वारा मै. गुडमॉर्निंग इंडिया मीडिया प्रा. लिमिटेड के लिए खसरा न. 39, ग्राम-बसई ब्राहुद्दीन नगर, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (यूपी)-201301 से मुद्रित कराकर बी-116, ओखला फेस-1, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित।

संपादक : अमित गुप्ता

* पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी

## खबर एक्सप्रेस

### स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को अग्रवाल कॉलेज के एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के छठें दिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने गोशाला में जाकर गो माता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गो सेवा की। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने नॅब अंध विद्यालय में जाकर वहां के विद्यार्थियों को खाने पीने का सामान वितरित किया। अंध विद्यालय के साथ-साथ स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम जाकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। आज ही के दिन डॉ. पुनीता हंसिजा द्वारा एक व्याख्यान दिया गया जिसमें स्वयंसेवकों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व पर बताया गया। डॉ. पुनीता ने कहा कि व्यक्ति के शरीर में मस्तिष्क का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि व्यक्ति जो भी कार्य करता है वह अपने मस्तिष्क के संकेत पर या मन के अनुसार करता है। जब तक हमारा मन स्वस्थ नहीं रहता है, तब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं हो सकता और हम किसी भी कार्य को ठीक से नहीं कर सकते।

### ज्वेलर्स के शोरूम में लगी आग

**फरीदाबाद।** नेहरू ग्राउंड स्थित एक ज्वेलर्स के शोररूम में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आगे लगने की जानकारी जैसे ही थाना कोतवाली को मिली तो वह आनन-फानन में अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सब्बल और कुल्हाड़ी से शटर तोड़ कर फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आग लगने का वाक्या बृहस्पतिवार सुबह लगभग 8.15 बजे का है। नेहरू ग्राउंड स्थित एक ज्वेलर्स में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना मिलने पर थाना कोतवाली प्रबंधक रामबीर सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बहादुरी का परिचय देते हुए पुलिस गाड़ी में मौजूद सब्बल और कुल्हाड़ी से दुकान का शटर तोड़ा और मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना मिली तब थाना प्रबंधक रामबीर थाना में ही मौजूद थे। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंची उसी समय फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। मौके पर देखा की दुकान में आग लगी है। दुकान में लगे सीसे के टूटने के कारण शटर ही दब गया था। जो अब खुल नहीं रहा था। दुकान से काफी धुआं भर आ रहा था। शटर नही खुलने पर मौके पर उपस्थित इआरवी 178 व राइडर 27 की टीम व सब्बल की मदद से शटर को तोडकर आग पर काबू पाया।

### रोजगार में 14 मार्च को

**नूहं।** जिला रोजगार कार्यालय, नूंह द्वारा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मालब में संयुक्त रूप से 14 मार्च को प्रात 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य जिलें के अधिक से अधिक बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में समायोजित कराना है। इस रोजगार मेले में जिला नूंह व आसपास के जिलों की कम्पनियां भाग लेगी जो बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जो प्रार्थी 10वीं,12वीं स्नातक, डिप्लोमा व आईटीआई पास योग्यता रखते है वे अपने रोजगार कार्यालय के पंजीकरण पहचान पत्र बायो डाटा व शैक्षिक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में भाग ले सकते है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई आसानः डीसी अजय कुमार

**नूंह।** प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की गई है। यह जानकारी देते हुए डीसी अजय कुमार ने बताया कि आर्थिक सहायता लेने के लिए सरकार द्वारा यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### हरियाणा बाल विकास एवं आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नूंह(अनिल मोहनिया)।** नूंह जिले की आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर हरियाणा बाल विकास एवं आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन के मार्फत उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि नूंह जिले कि आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिला सचिवालय पर हुई। जिसमें आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष छोटा गहलावत तथा जिला प्रधान रीता धारीवाल ने कहा कि आज नूंह जिले की सैकड़ों आंगनवाड़ी वर्करों और सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर जिला सचिवालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के जरिए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देने के लिए जिला सचिवालय पहुंची हैं। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष छोटा गहलावत ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सडक पर बैठना पड़ रहा है अपनी मांगों को लेकर। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार तथा केंद्र सरकार के द्वारा दिए जाने वाला मानदेय पिछले 6 से 7 महीने का हो गया है लेकिन अभी तक नहीं दिया गया है। आंगनबाड़ी भवनों का किराया पिछले 2 साल से नहीं दिया गया है। इसके अलावा ईंधन का पैसा भी पिछले 2 साल से नहीं दिया गया है। आंगनबाड़ी हेल्पर का प्रमोशन भी होना चाहिए। विभाग में अन्य कर्मचारियों का भी प्रमोशन होता है लेकिन आंगनवाड़ हेल्पर का प्रमोशन नहीं होता।

### शहर वासियों ने शांतिपूर्ण तरीके से मनाई होली

**फिरोजपुर झिरका ( मुकेश गोयल)।** होली के अगले दिन धुलहैंडी के उपलक्ष्य पर शहर वासियों ने बड़े धूमधाम के साथ धूलिया का त्यौहार धार्मिक सद्भावना एवं शांति पूर्वक रूप से मनाया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर ढोल नगाड़े तथा डीजे का इंतजाम किया। जिसमें फागुन मास के गीत, भगवान श्री कृष्ण के भजन एवं होली के रसिया तथा गानों के ऊपर जमकर नाचे गाए। होली के पावन पर्व को आकर्षक मनने के लिए युवाओं ने एक टोली बनाई जो कि घर घर जाकर अपने मित्रों एवं सगे संबंधियों के रंग लगाकर होली के त्यौहार का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रहणीयों ने अपने घरों पर स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए। वहीं होली के पावन पर्व को लेकर नन्हे-मुन्ने छोटे बच्चों में भी काफी उत्साह नजर आया जो कि युवाओं की टोलियां के ऊपर पानी से भरे गुब्बारे एवं पिचकारियां छोड़ते ही नजर आए।



# 13 मार्च को विशाल मार्च 'चलो राजभवन' के लिए किया जन संपर्क

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत की। इस क्रम में हिंडनबर्ग मामले में जांच की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को टीम विजय प्रताप पंजाब नेशनल बैंक नेहरू ग्राउंड में जोरदार प्रदर्शन भी किया। टीम विजय प्रताप की तरफ से युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल सरदाना, राजेश बैंसला एडवोकेट, सोहैल खान, सागर कौशिक, मोहित सैनी, सचिन सैनी, मुश्ताक खान, प्रिंस त्यागी, इशांत कथूरिया, वीरेंद्र मावी, कम्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाते हुए लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस मौके पर टीम विजय प्रताप ने लोगों को जानकारी दी कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी 13




प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेसी। आज समाज

मार्च को चंडीगढ़ राजभवन में प्रदर्शन करेगी और अडानी मामले में जांच की मांग करेंगे, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आज बडखल ब्लॉक में कार्यक्रम किया गया। सभी ब्लॉक में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिसमें कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकार एवं नेतागण शामिल होंगे और पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर टीम विजय प्रताप ने मौजूदा सरकार के समय में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार की सभी हदों को पार कर दिया है और आज आमजन का जीना मुहाल हो गया है। गलत आर्थिक नीतियों की वजह से आज देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनों के बाद 13 मार्च को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर विशाल मार्च 'चलो राजभवन' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के हजारों लोग शामिल होंगे।

## मानव रचना ने किया अंतरराष्ट्रीय जल शिखर सम्मेलन का आयोजन

# सम्मेलन में अंधेरे और छाया भूजल क्षेत्रों के बारे में विस्तार से चर्चा की

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद के उन्नत जल प्रौद्योगिकी और प्रबंधन केंद्र द्वारा भारत में जल सुरक्षा पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिखर सम्मेलन केंद्रीय भूजल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। गुरुग्राम विश्वविद्यालय शिखर सम्मेलन के लिए विश्वविद्यालय भागीदार था।

उद्घाटन सत्र में केशनी आनंद अरोड़ा, आईएएस, अध्यक्ष, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण शशि शेखर, आईएएस, पूर्व सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, सदस्य मसौदा समिति एनडब्ल्यूपी, डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक और डॉ. यादव गुरुग्राम विश्वविद्यालय से उपस्थिति थे। एबी




एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जल शिखर सम्मेलन में शामिल अतिथि गण।

पंड्या, महासचिव, आईसीआईडी, विवेक वर्मा, प्रबंध निदेशक, स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड, प्रोफेसर एलन फ्रायर, पृथ्वी और पर्यावरण विज्ञान विभाग केंटकी विश्वविद्यालय, यूएसए, डॉ. आरपी पांडेय, वैज्ञानिक एनआईएच, रुडकी, डॉ. यूके सिन्हा, प्रमुख आइसोटोप हाइड्रोलॉजी सेक्शन, बीएआरसी, प्रो. डेविड पोल्या अंतरराष्ट्रीयकरण मैनचेस्टर विश्वविद्यालय, यूके के डीन,डॉ. आलोक सिक्का, कंट्री हेड-इंडिया, आईडब्ल्यूएमआई, नई दिल्ली, डॉ एके केशरी, प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईटीडी), विश्वदीप घोष, सीईओ, वाटर फॉर पीपल इंडिया ट्रस्ट, प्रो. पीपी मजूमदार, अध्यक्ष इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर रिसर्च, आईआईएससी बैंगलोर, डॉ. सुमित सिन्हा, वरिष्ठ विश्लेषक, जेबीए रिस्क मैनेजमेंट, यूके, प्रोफेसर शशांक शेखर, भूविज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय उपस्थित थे और उन्होंने अपने वर्षों के शोध और अभ्यास से अपने ज्ञानवर्धक ज्ञान और अनुभवों को साझा किया। डॉ. दीपांकर साहा, अध्यक्ष-प्रोफेसर,शिखर सम्मेलन के संयोजक और संचालक थे। जल संसाधनों में वैश्विक महत्वपूर्ण और व्यापक रूप से स्वीकृत चुनौती को संबोधित करने और विचार-मंथन करने की तात्कालिकता को देखते हुए, संगोष्ठी में संबंधित क्षेत्रों के शीर्ष विशेषज्ञ शिक्षाविद, कृषिविद, जल विशेषज्ञ, नीति निमार्ता, नागरिक समाज और अन्य एक मंच पर एक साथ आए। शिखर सम्मेलन के दौरान ग्रीन, ग्रे और ब्लू-वाटर के आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

समापन सत्र में डॉ. अमित भल्ला, एमआरईआई के उपाध्यक्ष, डॉ. अमरजीत सिंह, आईएएस, पूर्व सचिव, जल शक्ति मंत्रालय और रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुजरात के अध्यक्ष और श. देवेंद्र सिंह, आईएएस, मुख्यमंत्री हरियाणा के सलाहकार ने जल प्रबंधन के विभिन्न तथ्यों के महत्व पर विशेष रूप से हरियाणा जैसे अंधेरे और छाया भूजल क्षेत्रों के बारे में चर्चा की।

## कमिश्नर राज कुमार मक्कड़ आज सुनेंगे समस्याएं

आज समाज नेटवर्क

**नूंह।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 10 मार्च को हरियाणा के दिव्यांग कमिश्नर राज कुमार मक्कड़ जिला में विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग कमिश्नर राज कुमार मक्कड़ दिव्यांगों की समस्याएं के लिए शुक्रवार को शाम 03 बजे स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नूंह में दिव्यांगजनों के लिए खुला दरबार का आयोजन किया जाएगा व 4 बजे प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खुले दरबार में दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, जिला उद्योग केंद्र व अन्य विभागों के अधिकारी दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए खुला दरबार में मौजूद रहेंगे। उन्होंने जिला के दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि वे खुला दरबार में अधिक से अधिक जनसंख्या में पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान करवाएं।

## तेज हवा और बेमौसम वर्षा से गेहूं की फसल प्रभावित



तेज हवाओं और बारिश से गिरी हुई फसल। आज समाज

**फिरोजपुर झिरका।** विगत कई दिनों से क्षेत्र में बादलों का जमावड़ा बना हुआ है। जिसे देख क्षेत्र के किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। बृहस्पतिवार को बेमौसम वर्षा और हवा के तेज झक्कड से खंड के गांव पाठखोरी, हसनपुर बिलोंडा, रावली और सोलपुर तथा माहौली में सैकडों एकड़ में पकान पर खड़ी गेहूं की फसल को प्रभावित कर दिया। क्षेत्र में अभी भी बादलों का जमावड़ा बना हुआ है जिसे देख किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। क्षेत्रीय किसान साजिद खान, दीन मोहम्मद, आरिफ खान, मोहम्मद अफजल, साबिर हुसैन आदि किसानों ने बताया कि पिछले कई दिनों से कम ही सही लेकिन बादलों का जमावड़ा क्षेत्र में बना हुआ है। गुरुवार की सुबह जब दिन निकला तो बादलों का जमावड़ा बना हुआ था। इसके बाद तेज हवाओं और हल्की बूंदाबांदी के बीच जब वर्षा आई तो इससे गेहूं की पकी फसल पर असर पड़ा। आंधी तूफान थमने के बाद जब खेतों में जाकर देखा तो वहां पर गेहूं की फसल खेतों में प्रभावित यानी लेटी हुई नजर आई।

# जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने कार्यकर्ताओं संग मनाई होली

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** लोक गीतों की धुनों और अबीर गुलाल की रंगत के बीच होली के पावन अवसर पर सराय अशोका एन्क्लेव स्थित जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के कार्यालय पर होली बड़ी धूम धाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तिगांव विधानसभा से कई लोगों होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे। होली एक दूसरे के बधाई देते हुए उमेश भाटी ने फूल और गुलाल व फूल ,मिठाई द्वारा सभी का स्वागत किया। इस मौके पर आएं हुए सभी कार्यकताओं को उमेश भाटी होली की बधाई देते हुए कहा की होली के पर्व को सब लोग परिवार की तरह इक्ा होकर मना रहे हैं। इस दिन अपने सभी मनभेद मिटाकर एक दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाए। उन्होंने कहा कि समाज में




सराय अशोका एन्क्लेव स्थित कार्यालय पर होली पर्व मनाते हुए। आज समाज

त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक होते है और होली का त्यौहार भाईचारे व एकता का संदेश देता है। इसलिए इस त्यौहार को मिलजुलकर एकता के साथ मनाना चाहिए और अपने गिले शिकवे भुला देने चाहिए। होली का त्यौहार हमें समरसता का संदेश देता है। हमें इस अवसर पर एक दूसरे के प्रति भेद भूला कर समानता की सीख मिलती है। जिस तरह से रंग और रंगत किसी से भेद नहीं करते, इसी तरह हमें भी अपने जीवन में किसी के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए। ऐसे त्यौहार सामाजिक समरसता के साथ मनाने चाहिए इस मौके पर उमेश भाटी ने कहा की आने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार रहे क्यों की यें छोटे चुनाव न केवल पार्टी की संख्या को बढ़ाने का काम करेगी बल्कि प्रदेश में जेजेपी पार्टी को और ज्यादा से ज्यादा मजबूती प्रदान करने का काम करेंगी होली मिलन पर आयोजित कार्यकर्ताओं में गगन सिसोदिया, भूवनेश्वर, सौरभ गोयल, दिनेश शर्मा,तरुण शर्मा,जसवीर चौहान, मास्टर लखन सिंह, अनिल शर्मा, लोकेश गोयल, अनिल शर्मा, रविन्द्र सोलंकी, सतीश भदोरिया, पुष्पेंद्र, हरिओम, श्याम सिंह, शरद शर्मा, मोहकम सिंह, मोहकम सिंह, केपी आदि मौजूद रहे।

## न्यूजपेपर वितरकों ने खेली फूलों की होली

गोपाल अरोड़ा

**बल्लभगढ़।** अंबेडकर चौक स्थित न्यू मार्केट में सभी न्यूजपेपर कर्म योगी भाइयों ने मदनलाल अरोड़ा, पंकज शर्मा, नितिन बंसल, केशव शर्मा के साथ मिलकर फूलों की होली खेली। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पराग संधू ,शरद सिंह, गौरव अग्रवाल, महेश पवार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक दूसरे को गुलाल लगाकर की गई। कार्यक्रम में पहुंचने पर इंदर राज और मोहित के द्वारा आए हुए अतिथियों का सम्मान फूलों के गुलदस्ते देकर किया गया है। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए पराग संधू ने कहा कर्म योगी भाई अपनी मेहनत से सुबह उठकर सभी को अपनी सेवाएं देते हैं। कोरेना काल में भी सभी कर्मयोगी भाइयों ने अपनी सेवाएं लोगों तक पहुंचाई। जिसके लिए



होली मनाते हुए कर्मयोगी पेपर वितरक। आज समाज

सभी बधाई के पात्र हैं। शरद ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मयोगी भाइयों का धन्यवाद किया। आपस में परस्पर सामाजिक व धार्मिक समारोह कर्म योगी भाइयों के द्वारा होते रहते हैं यह आपसी भाईचारे का प्रतीक है। सभी मिलजुल कर एक दूसरे के सुख-दुख में काम आते हैं। गौरव अग्रवाल द्वारा सभी कर्म योगी भाइयों को के साथ फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई और सभी कर्मयोगी भाइयों को संबोधित करते हुए गौरव अग्रवाल ने कहा अगर किसी कर्मयोगी भाई को कार्य करते हुए किसी प्रकार की शासन या प्रशासन के द्वारा दिक्कत आती है व शरद व पराग ने स्वयं भी उनके लिए हमेशा आगे रहने की बात कहीं। सभी कर्मयोगी आपस मे एक परिवार की तरह रहते है। एक दूसरे के सुख दुख में काम आते है। यह फरीदाबाद के लिए मिसाल है। जिसके लिए सभी प्रशंसा के पात्र है।

## चंदन का टीका लगा और गले मिलकर दी एक-दूसरे को होली की बधाई

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** जजपा के वरिष्ठ नेता मनोज गोयल ने अपने साथियों के साथ दुल्हैड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। इस क्रम में पर्यावरण और पानी को बचाने का संकेत देते हुए चंदन और हर्बल गुलाल से एक दूसरे के माथे पर टिका लगा गले मिले और मिठाई खिलाई। वहीं मित्र मंडल के सहयोग से जरूरतमंदों को हर्बल गुलल और खाने की सामग्री वितरित की।

इस क्रम में जजपा नेता मनोज गोयल ने कहा कि ने क्षेत्र के लोगों को होली के त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रम से पुरा समाज ओर परिवार एकजुट हो जाते है। जिससे त्यौहार की गरिमा तो बनी ही रहती है ओर साथ में आपसी



दुल्हैडी के अवसर पर एक-दूसरे को बधाई के उपरांत सभी एक साथ।

भाईचारा भी बना रहता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नितिन सिंगला मनोज अग्रवाल, राजन अग्रवाल, मनोज पराशर, प्रमोद बंसल, संजीव गोयल, संजय मित्तल, राम बहादुर, राजेंद्र चौधरी, राजू गोयल, अजय पराशर, संजय जैन के अलावा अन्य गणमाप्य लोग उपस्थित रहे।

दौरा

## कश्मीर अध्ययन के लिए जे सी बोस विवि के मीडिया के विद्यार्थी हुए रवाना

# आर्टिकल 370 हटने के बाद की स्थिति पर करेंगे शोध

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विद्यार्थी कश्मीर व संविधान में उससे जुड़े आर्टिकल 370 की जानकारी प्राप्त करने के लिए कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मीडिया विभागाध्यक्ष डा. पवन सिंह मलिक ने विद्यार्थियों और उनके साथ जाने वाले प्रोडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह को यात्रा की शुभकामनाएं दी।

कश्मीर यात्रा पर जाने से पहले कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बताया कि कश्मीर में अध्ययन के दौरान किस प्रकार की सावधानी



रवाना होने वाली टीम के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर। आज समाज

बरतनी है। किस तरह से अपने शोध कार्य को पूरा करना है। संवेदनशील स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है। चयनित टीम के सदस्यों ने इससे पहले इंडियन मीडिया सेंटर द्वारा पंचकुला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया था।

जहां इन विद्यार्थियों का चयन हुआ था। कार्यशाला में कश्मीर के भूगोल, इतिहास, क्षेत्र की कठिनाइयां, कश्मीर एवं भारतीय मीडिया, लद्दाख मुद्दा और जम्मू - कश्मीर के भविष्य के बारे में विशेषयज्ञों द्वारा चर्चा की गई। जिससे विद्यार्थियों को कश्मीर के नये, पुराने व अन्य मुद्दों के बारे में भी जानने को मिला। पंचकुला में विगत वर्ष दिसंबर में आयोजित कार्यशाला में हरियाणा के कई विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों से 70 के करीब विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें से जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हेमंत शर्मा, अरिहंत, कृष्णा कुमार व साहिल कौशिक का चयन कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए हुआ था।